




# आंवला के वृक्ष की पूजा, फिर किया भोजन

## कटनी में उत्साह से मनाई गई अक्षय नवमी

**कटनी।** कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी पर आज बुधवार को अक्षय नवमी मनाया पर्व मनाया गया। आंवला नवमी के रूप में सनातनी समाज में प्रचलित कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी पर श्रद्धालु जनों ने पूजा-अर्चना की। पुनर्जन्म के बंधन से मुक्ति का व्रत अक्षय नवमी पर सुबह में स्नान-ध्यान के बाद भक्त भगवान कृष्ण की पूजा की पूजा अर्चना को आंवला वृक्ष के नीचे विशेष पूजा के रूप में किया। सुहागिनें ने परम सौभाग्य, संतान व ऐश्वर्य की कामना की साथ ही घर मे सभी निरोगी काया के लिए अक्षय आशीर्वाद मांगा। पूजा के बाद आंवला वृक्ष की छांव में भोजन करने की परंपरा का निर्वहन किया गया। शहर के कुछ खास स्थानों जैसे गायत्रीनगर, सत्यनारायण मंदिर, वेंकट वार्ड हवलदारिन का बाड़ा, छपरवाह रबर फेक्ट्री बगीचा सहित अन्य स्थानों पर लगे आंवला के व्रक्ष के आसपास मेला जैसा माहौल था। महिलाओं विशेष तौर पर युवाओं तथा बच्चों ने हर साल की तरह इस साल भी इस पर्व का खूब आनंद लिया। मान्यता है कि इस दिन आंवला के पेड़ के नीचे भोजन करने से वह अमृत का फल देता है। जरूरतमंद को भोजन कराया जाएगा व सामर्थ्य के मुताबिक उन्हें दान आदि देकर विदा किया जाए तो भी अक्षय फल की प्राप्ति होती है।

### अक्षय फल की प्राप्ति

पद्म पुराण में बताया गया है कि कार्तिक मास के शुक्लपक्ष में जो नवमी आती है, उसे अक्षय नवमी कहते हैं। उस दिन आंवले के वृक्ष की जड़ के समीप देवताओं, ऋषियों तथा पितरों का विधिपूर्वक तर्पण करें और सूर्यदेवता को अर्घ्य दे। तत्पश?चात ब्राह्मणों को मिष्ठान्न भोजन कराकर उन्हें दक्षिणा दें और स्वयं भोजन करें। इस प्रकार जो भक्तिपूर्वक अक्षय नवमी को जप, दान, ब्राह्मण पूजन और हवन करता है, उसका वह सब कुछ अक्षय होता है। स?वयं ब्रह्माजी ने यह बताया है। कार्तिक शुक्ल नवमी को दिया हुआ दान अक्षय होता है अतः इसको अक्षयनवमी कहते हैं। प्रत्येक युग में सौ वर्षों तक दान करने से जो फल होता है, वह युगादि-काल में एक दिन के दान से प्राप्त हो जाता है।

# दिन में गर्मी रात होने लगी सर्द, लगातार बदल रहा मौसम



**कटनी।** 27 अक्टूबर से दिन-रात के तापमान में लगातार 16 डिग्री तक का अंतर रह रहा है। पिछले तीन दिनों से अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास तो न्यूनतम 16 डिग्री से भी नीचे चला जा रहा है। मंगलवार को दिन का तापमान सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक 32 डिग्री सेल्सियस रहने से गर्मी लगती रही, जबकि रात का तापमान सामान्य से 2 डिग्री कम 16.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यानी, शाम 5 बजे से सुबह 5 बजे तक ठंड और बाकी 12 घंटे गर्मी। इस असमान तापमान के कारण लोगों को मौसम जनित बीमारियां सर्दी-बुखार परेशान कर रही हैं। 3 दिन पछुआ हवा चलने से 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है दिन का तापमान साथ ही 4 दिनों तक आसमान साफ व मौसम शुष्क रहने के आसार मौसम विभाग के अनुसार अगले 4 दिनों तक आसमान साफ व मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। 3 दिन पछुआ हवा चलने से दिन का तापमान 2-3 डिग्री तक गिर सकता है। अधिकतम तापमान नीचे गिरकर 28 से 30 डिग्री के बीच व न्यूनतम 16 से 18 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

### धान कटनी व गेहूं-मक्के की बुआई के लिए मौसम अनुकूल

कृषि विभाग के अनुसार किसानों को सलाह है कि अभी धान कटाई दौनी और गेहूं-मक्के की बुआई के लिए मौसम अनुकूल है। मौसम शुष्क रहने से किसान धान की कटाई व दौनी करने के साथ-साथ गेहूं, मक्का, मसूर व राजमा की बुआई करें। आलू रोपाई का भी उपयुक्त मौसम है।




# गोपाष्टमी पर ग्वाल बाल के रंग में रंगी शहर की सड़कें

**कटनी।** गोपाष्टमी पर पर आज शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सभी समाज धर्म के लोग शामिल हुए इस अवसर पर ग्वालों ने परंपरागत ढंग से वेशभूषा धारण कर ग्वाल नृत्य करते हुए शहर के प्रमुख मार्गों को गोपाष्टमी के रंग में रंग दिया। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी ग्वालों द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया जिसमे जिले अलग अलग गाँव से आये यदुवंशी द्वारा पारंपरिक भेषभूषा में नृत्य करते नजर आए। साथ मे जन प्रतिनिधि व बच्चो की जीवंत झांकी शामिल रही जुलुश के बाद। गोलबाजार रामलीला मैदान में नृत्य व गायन प्रतियोगीता हुई उसके बाद पुरुष्कार वितरण किया गया। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को गोपाष्टमी का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन गौ माता की विशेष पूजा का विधान है। शास्त्रों के अनुसार, गौ माता में सभी देवी-देवताओं का वास होता है, इसलिए उनकी पूजा करने से भक्त को सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस अवसार पर प्रिय दर्शन गौर, अब्दुल कादिर, बसंत यादव, आशीष तिवारी, पार्षद संदीप यादव, अजय जैसवानी, पार्षद ईश्वर बहरानी, राजा खान आदि की उपस्थिति रही।

### निकली भव्य शोभायात्रा



# सभी सेन बंधुओं को कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ना होगा

**कटनी,यशभारत।** जनसहयोग सेन समाज सेवा संगठन भारत का स्थापना दिवस स्नेह मिलन समारोह एवं रात्रि जागरण कार्यक्रम नारायणी माता धाम अलवर राजस्थान में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कटनी से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनसहयोग सेन समाज सेवा संगठन भारत के पदाधिकारी गणों ने कहा कि सेन समाज के संगठन एवं सभी सेन बंधुओं एक होकर के एक मंच के साथ आगे बढ़ना चाहिए द्वेष क्रोध छ्ल और कपट इन सब को त्याग कर हमें सभी सेन बंधुओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ना होगा। तभी हमारे समाज का विकास और उत्थान होगा और हमारा तो यही मकसद रहा है कि हम अपने संगठन के द्वारा जो कार्यक्रम आयोजन किया गया है। इसमें हम सभी संगठन और सभी सेन बंधु मिलकर के आगे बढ़े और यह हमें अच्छा लगा कि सभी संगठन और सभी सेन बंधुओं एक साथ सम्मिलित हुए। जनसहयोग सेन समाज सेवा संगठन के राष्ट्रीय सामाजिक प्रचार मंत्री संत दयालपुर महाराज के द्वारा घोषणा की गई कि कार्यक्रम के दौरान की राष्ट्र में महासभा का गठन होता है तो सबसे पहले जन सहयोग सेन समाज सेवा संगठन उसमें सम्मिलित होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश श्रीवास मंडला, रामलाल सेन, संरक्षक श्याम सुंदर कार्यकारिणी अध्यक्ष किशन मनाला, कार्यकारिणी सचिव संतोष सराठे, संगठन मंत्री राष्ट्रीय महासचिव लालजी प्रसाद सेन, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष हीरालाल सेन, राजस्थान महिला प्रदेश अध्यक्ष रामा सेन, सतनारायण सेन, डॉ सत्य गोपाल महाराज श्याम सुंदर, रामदेव सेन, द्रोपती सेन, ज्योति सेन, सरिता सेन, पूजा सेन, साधना, अनिता श्रीवास, अशोक श्रीवास, बिंजन श्रीवास, विनोद सेन, प्रकाश श्रीवास, जितेंद्र सेन, मंजू सेन, बेबी रानी सेन, कामिनी सेन, गोविंद गहलोत डॉ प्रकाश दयाल सेन, फूलचंद सेन, नंदराम सेन, दुर्गा सेन मनोज मथुरिया श्यामसुंदर सविता सहित अन्यलोग उपस्थित थे।

# कटनी में भी न घट जाए गुजरात जैसी घटना, आप ने किया आगाह

## मोरबी के दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि



**कटनी।** गुजरात राज्य के मोरबी में ब्रिज टूटने से लगभग 145 लोग दुर्घटना में कालकल्वित हुए है दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए व इस भीषण घटना में घटित लोगो के सैकड़ों परिवार जनों को यह दुःख सहन करने की ताकत ईश्वर दे। इन्ही कामनाओं के साथ कटनी जिले में आम आदमी पार्टी द्वारा मोमबत्तियां जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात आप कार्यकर्ता कटनी नदी के मृत जर्जर पुल को लेकर अक्रोशित होकर नारेबाजी की। कटनी में गुजरात मोरवी जैसी घटना दुहराई न जाए इसको लेकर कटनी नदी पुल पर खड़े होकर नारों के माध्यम से प्रदर्शन किया व जर्जर पुल पर आवागमन बंद करवाने की मांग प्रशासन से की। आम आदमी पार्टी जिला प्रशासन से संभावित होने वाली घटना को रोकने पुल से तत्काल आवागमन प्रतिबंधित करने की अपील की है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा, देवेंद्र गुप्ता, यूथ विंग विधानसभा अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, यूथ विंग शहर अध्यक्ष श्याम यादव, निर्मल गौतम, आदित्य सेठिया, आशीष तिवारी, अफरोज अहमद, राम सिया गुप्ता, संतोष कटियार,अभिषेक बजाज, अंशु मिश्रा, अभिषेक यादव, ऋषभ पटेल अनमोल मंगवानी, मंगल कोल पिंटू मौर्य मंगू चौबे,जितेंद्र अहिरवार, अभिषेक सेठिया, गोकुल तिवारी,प्रसांत पांडे, सुदामा इदनानी एवं कई कार्यकर्ता शामिल थे।




# अच्छे काम की प्रशंसा

## लक्ष्य पूर्ति में कटनी टॉप 5 में

**कटनी।** अच्छे काम की हमेशा कद्र और प्रशंसा होती है।कटनी के प्रभारी कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए ऑनलाइन दर्ज किए जा रहे डाटा कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान प्रभारी कलेक्टर ने जनपद और ग्राम पंचायत स्तर पर अच्छा काम करने वाले सरकारी अधिकारी-कर्मचारी की सराहना कर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सचिव, रोजगार सहायकों और अन्य अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा समय पर शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति किए जाने से प्रदेश स्तर पर कटनी 100 फीसदी लक्ष्य पूरा करने वाले अग्रणी जिलों में चौथे स्थान पर पहुंचने के साथ ही अपना स्थान टॉप 5 में बना लिया। प्रभारी कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि जिला, जनपद पंचायत स्तर पर गठित समितियों द्वारा ग्राम पंचायतों में भौतिक निरीक्षण, सत्यापन का कार्य भी समय सीमा में किया जाए। प्रत्येक जनपद क्षेत्र से, प्रत्येक थीम पर प्रथम तीन आने वाली ग्राम पंचायतों का भौतिक सत्यापन कार्य गठित समितियों द्वारा किया जाएगा। संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा निर्धारित प्रारूप में जानकारी एकत्रित कर जिला कार्यालय को भेजी जाएगी। जानकारी के आधार पर जिला स्तर से आगे की कार्रवाई निर्धारित समय पर की जाएगी। बता दें, बड़वारा की 66 ग्राम पंचायतों ने 594, बहोरीबंद की 79 ग्राम पंचायतों ने 711, ढीमरखेड़ा की 73 ग्राम पंचायतों ने 657, कटनी की 59 ग्राम पंचायतों ने 531, रीठी की 56 ग्राम पंचायतों ने 504 और विजयराघवगढ़ की 74 ग्राम पंचायतों ने 666 थीम पर प्रश्नावली में पूछे गए। सभी 113 प्रश्नों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर फ्रीज की है।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 25 से
सुबह 10.30, 1.15, 4,7 एवं रात्रि 10.15 बजे से


रामसेतु
कलाकार- अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडिस, नुसरत भरूचा, सत्यदेव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 25 से
सुबह 10.45 एवं रात्रि 9.45 बजे से


ब्लैक एडम (हिन्दी में)
कलाकार- डवेन जान्शन, जेनिफर हालेंड, सारा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से
दोपहर 12.45, 3, 5.15, एवं सायं 7.30 बजे से


थैंक गॉड
कलाकार- सिद्धार्थ मल्होत्रा, अजय देवगन, रकुलप्रीत सिंह, विक्रम कोचर आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में


ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 25 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
रामसेतु
कलाकार- अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडिस, नुसरत भरूचा, सत्यदेव आदि।
टिकट दर बालकनी क्लास- 100/- बॉक्स- 120/- लोवर क्लास-50/- अपर क्लास-80/-

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

यश भारत
सिटी न्यूज
कटनी, बुधवार, 02 नवंबर 2022

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मिडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# जिस धरती में जन्म लिया, उसका यशगान करना हम सबका कर्त्तव्य

## उत्साहपूर्वक मना मप्र का स्थापना दिवस, बस स्टेंड आडीटोरियम में आयोजित जिलास्तरीय समारोह में देशभक्ति गीतों ने बांधा समा

**कटनी, यशभारत।** यदि हम दीवाली, होली, क्रिसमस का त्यौहार मना सकते हैं, तो जिस धरती में जन्म लिया है, अन्न खा रहे, उस धरती का यशगान और गुणगान करना हम सबका कर्त्तव्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीज, त्यौहार और संस्कारों के महत्व को सामाजिक सरोकारों से जोड़कर समाज को नई दिशा और नई सोच देने का काम कर रहे हैं। उक्त आशय के उद्गार प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने मध्यप्रदेश के 67वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार की शाम बस स्टैण्ड स्थित नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर स्थापना दिवस आयोजन की परंपरा के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होने जिला और प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। समारोह की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में देश और प्रदेश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रदेश प्रगति के नित नये सोपान गढ़ रहा है। उन्होंने सभी को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि नई उम्मीदों के साथ नये मध्य प्रदेश का निर्माण हो रहा है। समारोह के दौरान लोगों ने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संबोधन के सीधे प्रसारण को वर्चुअली देखा और सुना। जिले भर में लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों और दूरदर्शन में भी राज्य स्तरीय आयोजन व मुख्यमंत्री के भाषण को देखा और सुना। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि मध्यप्रदेश ने विकास और समृद्धि की एक लंबी यात्रा तय की है। इस यात्रा में हर वर्ग के नागरिकों का सहयोग और योगदान रहा है। विकास की इस यात्रा में नागरिकों ने कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया और सरकार के सहयोग से नए रास्ते और नए विकल्प खोज लिए। प्रदेश का स्थापना दिवस हमारे लिए एक उत्सव है। नागरिक स्वस्थ रहें, खुशहाल रहें और हर मुसीबत से दूर रहे। मध्यप्रदेश आत्म-निर्भर बनते हुए आर्थिक समृद्धि की राह पर आगे ब? रहा है। विकास के हर क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकास के हर क्षेत्र के लिए योजनाएँ बनाई हैं। हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। केंद्र सरकार की अनूठी योजनाएँए उदार वित्तीय सहयोग और प्रदेश की नवाचारी विकास रणनीतियाँ मिल कर एक नया मध्यप्रदेश बनाने में सहयोगी साबित हुई हैं। समारोह को भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन और नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने भी संबोधित किया।




### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संबोधन के सीधे प्रसारण को लोगों ने देखा व सुना




### शिव महिमा नृत्य नाटिका ने भाव विभोर किया लोगों को

समारोह में देशभक्ति गीतों के धुन पर नृत्य ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आसरा बाल संस्थान के समूह नृत्य और आदिवासी छात्रावास की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आदिवासी नृत्य को लोगों ने जमकर सराहा। कृष्ण कला संगीत महाविद्यालय द्वारा एकल नृत्य, राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुतियों को भी खूब वाहवाही मिली। समारोह में आसरा बाल गृह के छात्रों ने तौबा...मेरी, तौबा...मेरी निगाहें करती है...तेरे कदमों पर सजदा बोल के देश भक्ति गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं आदिवासी छात्रावास की छात्राओं ने लोक नृत्य का मंचन कर समा बांध दिया। जिसे लोगों ने जमकर सराहा। इसके पूर्व लोगों ने भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम को वर्चुअली देखा व सुना। इसमें शंकर एहसान लॉय बैंड के गीत संगीत और शिव महिमा नृत्य नाटिका ने लोगों को भाव विभोर कर दिया।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते, एसडीएम प्रिया चन्द्रावत, निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, महाप्रबंधक उद्योग, ई गवर्नेंस के जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, पीताम्बर टोपनानी सहित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कई वार्डों में नहीं पहुंच रही कचरा गाड़ी

## आने का भी समय निर्धारित नहीं, कभी सुबह तो कभी दोपहर में आ रही गाड़ी, कई वार्डों में लगा कचरे का अंबार

**कटनी, यशभारत।** घरों से कचरा संग्रहण करने में कई तरह की लापरवाही सामने आ रही है। आलम यह है कि शहर के कई वार्डों में पिछले कुछ दिनों से कचरा गाड़ी ही नहीं पहुंच रही है। यह सिलसिला दीवाली के बाद से ही चला आ रहा है। पर्व के दौरान भी इस तरह की लापरवाही सामने आ चुकी थी। शहर के बीच के वार्डों में दो-दो दिन कचरा गाड़ी नहीं पहुंची। लापरवाही की शिकायत मिलने के बाद भी नगर निगम प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। विपक्ष द्वारा एसएमडब्ल्यू कंपनी द्वारा निर्देशों की अव्हेलना और लापरवाही का मुद्दा नगर निगम परिषद की बैठक में उठाए जाने के बाद भी नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे ने अब तक कोई कार्यवाही नहीं की। ऐसा लगता है कि नगर निगम प्रशासन ने एसएमडब्ल्यू कंपनी की मनमनी पार मौन संरक्षण दे रखा है। यही कारण है कि पिछले काफी समय से लगातार शिकायतें सामने आने के बाद भी निगम प्रशासन ने कंपनी के कर्ता-धर्ताओं को एक नोटिस तक जारी करना जरूरी नहीं समझा। जिसके चलते कंपनी लगातार अपनी मनमानी पर उतारू है। नागरिकों ने अपनी शिकायत में बताया कि मोहल्लों में कचरा गाड़ी आने का कोई समय ही निर्धारित ही नहीं है। कभी सुबह 7 बजे तो कभी दोपहर 12 बजे गाड़ी आती है। कईयों बार पता ही नहीं चलता कि गाड़ी कब आकर चली गई। इसके अलावा वार्डों में कई जगह कचरे का अम्बार लगा होने के बाद कचरा गाड़ी के कर्मचारी यहां से कचरा एकत्रित करने में लापरवाही बरत रहे हैं।



### शिकायतों के बाद भी नगर निगम कमिशनर क्यों नहीं कर रहे कार्यवाही ?

नगर निगम परिषद की बैठक में एमएसडब्ल्यू कंपनी की लापरवाही का मुद्दा उठने एवं वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन द्वारा कमिश्र सत्येन्द्र सिंह धाकरे को पत्र लिखे जाने के बाद कमिश्नर सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने मौन साध रहा है। उनकी चुप्पी पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन ने कहा कि शिकायतों की फेहरिस्त हर दिन बढ़ती जा रही है। इसके बावजूद निगम प्रशासन कार्यवाही नहीं कर रहा। कंपनी को नगर निगम प्रशासन का खुला संरक्षण मिला हुआ है।

### रेत और लकड़ी का अवैध परिवहन करते वाहन जब्त

**उमरियापान, यशभारत।**

लकड़ी और रेत का अवैध परिवहन करते हुए वन विभाग ढीमरखेड़ा की टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई की है। ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि वन संरक्षण गौरव शर्मा के निर्देशन में वन अमले के साथ धनवाही बीट में दबिश देकर कौहा की लकड़ी का परिवहन करते हुए लोड वाहन को जब्त किया गया। खम्हरिया बीट में महानदी से लगे वन क्षेत्र पर रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को भी जब्त किया गया है। वन विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई में डिप्टी रेंजर मोहम्मद खालिक, शंकुतला गोंड, राजेश शर्मा, वन रक्षक राजेश सोनी, रामफल पटेल, दिनेश दहायत, रोहित कोल, तथागत वत्स, वाहन चालक लक्ष्मण चौरसिया और अभिषेक तिवारी शामिल रहे। वन विभाग ने प्रकरण दर्ज करते हुए आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# असंख्य दीप प्रज्वलित कर मनाया दीपोत्सव

## दीपावली मिलन समारोह में राजस्थान महिला मंडल की नई अध्यक्ष मनोनीत



**कटनी, यशभारत।** राजस्थान महिला मंडल द्वारा दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन सरावगी बगीचे में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रीमती सपना अभिनंदन सरावगी, पदाधिकारियों एवं आयोजक ग्रुप में मिलकर सर्वप्रथम अग्रसेन भगवान की पूजा अर्चना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी।

दीपोत्सव के कार्यक्रम में असंख्य दीप प्रज्वलित कर और खेल उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर श्रीराम के चरणों में वंदना की गई। दीपोत्सव कार्यक्रम में 2023 से 2024 तक के लिए आगामी अध्यक्ष श्रीमती सुनीता रमेश अग्रवाल चुनी गई। निर्विरोध जीत पर उन्हें बधाई दी गई। कार्यक्रम में श्रीमती हंसा खंडेलवाल कोषाध्यक्ष, श्रीमती रेणु गट्टानी सचिव, श्रीमती कृष्णा सरावगी, श्रीमती मधु शर्मा, श्रीमती आरती तुलासरिया सह सचिव, श्रीमती संतोष बजाज, श्रीमती उमा भगोरिया, श्रीमती मंजू स्वामी, श्रीमती अनीता गडोडिया, श्रीमती ज्योति गौर, श्रीमती मंजू तुलासरिया, श्रीमती अर्चना तुलासरिया, श्रीमती वंदना सरावगी, श्रीमती मीना खंडेलवाल, श्रीमती अलका सरावगी, श्रीमती हेमा सरावगी, श्रीमती ममता तुलासरिया, श्रीमती रश्मि शरद सरावगी, श्रीमती विमला अग्रवाल, श्रीमती सुनीता अग्रवाल, श्रीमती संगीता बजाज, श्रीमती नीतू सरावगी, श्रीमती हंसा राजेंद्र खंडेलवाल व अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

# छठ महोत्सव के साथ मनाया गया लालजी महाराज का जन्मोत्सव

## गर्भगृह से बाहर आकर मंदिर में अभिषेक, खाम मझगवां में विशाल धर्मिक कार्यक्रम का आयोजन



**रीठी/कटनी, यशभारत।** अनंत विभूषित सद्गुरू स्वामी हर्षण देव महाराज जू के कृपा पात्र शिष्य सियाशरण दास महाराज के सानिध्य में छठ के महामहोत्सव पर जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर ग्राम खाम मझगवां रीठी स्थित श्री काशी पति विश्वनाथ धाम में विगत 54 वर्षों से अनवरत संचालित छठी महामहोत्सव में श्री हनुमंत जी सरकार का जन्म महामहोत्सव मनाया गया। इस अवसर रामधुन संकीर्तन के बीच रात्रि 12 बजे अतिप्राचीन मंदिर में विराजे श्री हनुमंत जी महाराज को गर्भगृह से पुजारियों द्वारा महामहोत्सव कार्यक्रम में विराजमान किया गया, जहां साढ़े 3 घंटे अनवरत श्री हनुमान जी का विभिन्न पवित्र नदियों से लाये गए जल से अभिषेक किया गया। इस दौरान विद्वानजनों द्वारा मंत्रोच्चारण किया जाता रहा। विशाल धर्मसभा में श्री हनुमान जी को विराजित करते हुए भक्तों की अर्जी सुनी गई। सुबह 10 बजे तक चले महामहोत्सव कार्यक्रम अभिषेक के पश्चात देव मूर्तियाँ को मन्दिर के गर्भ गृह विराजित किया। इस दौरान आसपास के जिलों और गांवों से शिष्यों और भक्तो की उपस्थिति रही। पांच दिवसीय धर्मिक कार्यक्रमों में राम चरित मानस का अखंड पाठ, भजन, पूजन एवं भंडारे आयोजन किया गया।



# राष्ट्रीय एकता दिवस पर उत्कृष्ट स्कूल के छात्रों ने निकाली रैली




### विजयराघवगढ़ में सद्भावना दौड़ का आयोजन

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराघवगढ़ में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 161 के छात्रों ने किले से गोदग्राम मझगवां तक दौड़ लगाई। इस अवसर सरदार पटेल की राष्ट्रीय योगदान पर चिंतन किया गया, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सरस्वती मिश्रा, रीतू उइके, प्रतिभा याचना, अरुण, शशिलता, जयप्रकाश, जयपाल, विपिन बिहारी, जितेन्द्र, प्रीतम आदित्य, राखी, प्रीति, विनोद, सत्येंद्र, ओ पी सोनी, रुचि, अशोक, मनसुख लाल सहित समस्त शिक्षकगण छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित रहे, वहीं कारीतलाई में सीपी पटेल, के पी गोटिया, एस पी राय, सनत तिवारी, कमलेश रजक, चंद्रभान पटेल, गंगाराम पटेल सहित छात्र-छात्राओं की उपास्तिथि रही।

### रन फार यूनिटी में दौड़े छात्र-छात्राएं

लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर युवाओं व शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों एवं कारीतलाई सरदार पटेल स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे युवा प्राचीन किला प्रांगण में एकत्र होकर नगर में वाहन रैली निकाली। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारीतलाई में रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया।

### शुभम बने युवा कांग्रेस विजयराघवगढ़ के अध्यक्ष

**कटनी, यशभारत।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी में मध्य प्रदेश कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रभारी अखिलेश यादव एवं राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी पराग शर्मा की सहमति से युवा कांग्रेस विजयराघवगढ़ का अध्यक्ष शुभम शर्मा को बनाया गया है। उन्हें पार्टी को मजबूत करने का दायित्व सौंपा गया है।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच
3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल
सर्विस वालों एवं
ऑफिस, बैंक,
कार्यालय गोदाम के
लिए
पता-बीजेपी कार्यालय
के सामने, जबलपुर
रोड बरगवां, कटनी
(म.प्र.) मो.
8109417340

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक

Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah
Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड, कटनी
फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
From 28th October 2022


CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
Mittal MALL
Paytm
book my show
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830



# शासकीय शालाओं में शिक्षकों का टोटा, अभी कोर्स भी अधूरा

## अब फरवरी की जगह मार्च में परीक्षा कराने पर विचार कर रहा बोर्ड

**कटनी,यशभारत।** एक ओर तो मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान प्रदेश में सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों से भी बेहतर बनाने का सपना दिखा रहे वहीं दूसरी ओर जिले की शाशकीय शालाओं में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, भूगोल जैसे विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों का भी टोटा है। अधिकांश शालाओं में 10 वीं, 12 वीं का अभी कोर्स भी पूरा नहीं हुआ जबकि बोर्ड परीक्षाओं के लिए अब बमुश्किल तीन महीने का समय ही रह गया है। घोषित समय सारणी के अनुसार बोर्ड परीक्षाएं 13 – 15 फरवरी से शुरू होनी है इस हिसाब से फरवरी की शुरुआत से ही प्रेप्रेशन लीव प्रारम्भ हो जाएगी। विद्यार्थियों को केवल जनवरी तक ही शालाओं में बैठने का मौका मिलेगा। सूत्रों की माने तो विद्यार्थियों की इस समस्या को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षाओं की तिथि आगे बढ़ाने पर विचार कर रहा। 10वीं, 12वी की बोर्ड परीक्षा अब फरवरी की बजाए मार्च में आयोजित की जा सकती हैं। बोर्ड द्वारा जल्द ही संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जा सकता है।



उल्लेखनीय है कि राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों के तबादले के फार्मूला तैयार किया गया। कुछ शिक्षक जिले में ही इधर से उधर कर दिए गए। जिले से बाहर तबादले के लिए भी शिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन मंगवा कर तबादला सूची जारी कर दी गई। अब जिन शिक्षकों का तबादला उनकी पसंद के अनुसार हो गया है वे नई पदस्थापना पर जाने के लिए बेताब हैं, जिनका नहीं हो पाया वे भी स्कूल छोड़कर अपना नाम तबादला सूची में शामिल कराने जुगाड़ लगा रहे। रिलीविंग चाहने वालों की कतार जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लगी है। समस्या यह है कि जिले के कितने शिक्षकों को बाहर भेजा जाएगा और कितने बाहर से यहां आएंगे इसकी सूची अभी डीईओ कार्यालय में उपलब्ध नहीं है इसलिये शिक्षकों को रिलीविंग नहीं मिल पा रही। जिले से बाहर जाने वालों की संख्या के अनुपात में बाहर से कटनी आने वालों की संख्या कम है जिससे असन्तुलन बन गया है। कई शालाओं में केवल अतिथि शिक्षक ही बचे हैं। पढ़ाई - लिखाई बुरी तरह प्रभावित हो रही। मुख्य विषयों के शिक्षक भी नहीं है। इन सबका असर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों पर पड़ रहा। अनेक शाशकीय शालाओं में अभी 10 वीं और 12 वी का कोर्स आधा ही हुआ है। एक तो पहले से ही शाशकीय शालाओ में शिक्षकों की कमी है उस पर शिक्षकों की ड्यूटी अन्य कार्यों में लगा दी जाती है। चुनाव से लेकर स्थायी निवास और अन्य प्रमाणपत्र बनाने में भी शिक्षकों का बहुत समय गुजर गया। तरह तरह के प्रशिक्षण भी जारी रहते है। शालाओं में अध्ययन अध्यापन कार्य सुचारू भी नहीं हो पाता कि शासन के नए आदेश आ जाते हैं। एक ओर तो पढ़ाई की समस्या दूसरे बिना किसी ठोस कारण के ही माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस बार बोर्ड परीक्षा फरवरी में ही कराने का निर्णय ले लिया। टाइम टेबिल भी घोषित कर दिया। इस जल्दबाजी में विद्यार्थियों की परेशानियों के बारे में किसी ने भी नहीं सोचा।

### सदस्यों की आपत्ति के बाद अब बढ़ेगी परीक्षा की डेट

बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 13 और 15 फरवरी से 10 वी 12 वी बोर्ड परीक्षाएं कराने का टाइम टेबल घोषित किया था जिस पर बोर्ड के सदस्यों ने आपत्ति जताई थी। सदस्यों का कहना था कि फरवरी में परीक्षा कराने से विद्यार्थियों को तैयारियों के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पायेगा। कई शालाओ में जनवरी तक कोर्स भी पूरा नहीं हो पाता जिसका असर परीक्षा परिणामों पर पड़ता है। सदस्यों की इस आपत्ति के बाद बोर्ड की साधारण सभा में इसे स्वीकार कर लिया गया है। बोर्ड 10 वीं 12 वीं की परीक्षा तिथि बढ़ाने सहमत हो गया है अब ये परीक्षा 1से लेकर 3 मार्च के बीच शुरू होंगी। जल्द ही परीक्षाओं का नया टाइम टेबल जारी किया जायेगा।



## कटनी आर्ट्स एण्ड कॉमर्स कॉलेज में मना राष्ट्रीय एकता दिवस

**कटनी,यशभारत।** गृहमंत्री भारत सरकार के एवं मध्यप्रदेष शासन के आदेषानुसार कटनी आर्ट्स एण्ड कॉमर्स कॉलेज (चड्डा कॉलेज) में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाई द्वारा लौहपुरूष स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्मतिथि 31 अक्टूबर को ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप में मनाया गया साथ ही साथ महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अधिकारी डॉ. आर.आर.एस. परिहार जी के द्वारा महाविद्यालय के समस्त स्टाफएवं विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता अण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जय चड्डा के छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे प्रथम गृहमंत्री लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल देष की एकता और अखण्ता को अक्षुण्य रखने में प्रमुख भूमिका निभाई उनके जीवन से हमारे नवयुवकों को एक नई सीख मिली कि देष की एकता और अखण्ता ही हम सभी को आगे ले जाने में सहायक होगी। उक्त अवसर पर उप. प्राचार्य डॉ. राजीव खत्री, कला विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति छिरौल्या, वाणिज्य विभाग विभागाध्यक्ष शरद निरंकारी, कम्प्यूटर एवं विज्ञान विभाग विभागाध्यक्ष श्रीमती आराधना अग्रहरि, विधि विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. गोपाल उपाध्याय, सहायक प्राध्यापक रीतेष निगम सहायक प्राध्यापक डॉ. शैलेन्द्र वर्मा, सहायक प्राध्यापक अतुल जैन, सहायक प्राध्यापिका श्रीमती ऋचा डेंगरे, सहायक प्राध्यापिका श्रीमती नीलम राजवानी, सहायक प्राध्यापक मुकेश गुप्ता, सहायक प्राध्यापक पंकज सेक्सरिया, सहायक प्राध्यापिका श्रीमती भारती पंजवानी, सहायक प्राध्यापक समीप श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक रवि यादव, सहायक प्राध्यापिका श्रीमती ऋतिका साहनी आहूजा, सहायक प्राध्यापिका श्रीमती माला उपाध्याय, सहायक प्राध्यापक गगन गुप्ता, सहायक प्राध्यापिका कु. अखिलेष कुषवाहा, सहायक प्राध्यापिका श्रीमती फरहत हुसैन, सहायक प्राध्यापिका श्रीमती प्रियंका गुप्ता, पवन केवट, प्रदीप श्रीवास्तव, भरत तिवारी, मनोज मिश्रा, संजय तिवारी, कु. शबनम कुरैषी, कु. दामिनी रैकवार, वैषाली सिंह, कु. साक्षी आरख, कु. श्वेता विश्वकर्मा, कु. ,खुशबु अहिरवार एवं अन्य समस्त स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## हर्षोलास के साथ मनाया गया मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस

**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देषानुसार बारडोली महाविद्यालय में मध्यप्रदेष स्थापना दिवस हर्षोलास के साथ मनाया गया । महाविद्यालय में सोमवार 31 अक्टूबर को सम्पूर्ण महाविद्यालय परिसर में झालरे एवं रोषनी की गई । 01 नवम्बर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संरक्षक सुनील उपाध्याय द्वारा मॉ सरस्वती तैल्य चित्रण पर दीप प्रज्जवलन के साथ शुरू हुआ । इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक गान प्रस्तुत किया गया । छात्रों द्वारा लोकगीत एवं लोकनृत्य कार्यक्रम में प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रागिनी सिंह द्वारा मध्यप्रदेष गौरव इतिहास पर प्रकाष डाला । अध्यक्ष विनोद विलौहा द्वारा मध्यप्रदेष गौरवषाली क्रांतिकारियो, सेनानियो, खेल प्रतिभाओं के बारे में छात्रों को अवगत कराया। कार्यक्रम में आभार प्रर्दषन श्री राकेष गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बारडोली महाविद्यालय के मनोज प्यासी, संगीता जाटव,. विधि जैन, मनीषा सिंह चंदेल, नेहा श्रीवास्तव, गायत्री मंद्राह, लखन साकेत, स्मृति मौर्य, पवन दाहिया प्रियंका पटेल शैलेन्द्र बड़गैया, आदि समस्त स्टाफएवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## कलेक्टर के बाद जिला पंचायत सीईओ ने भी जारी किए आदेश

## 5 रोजगार सहायक फिर मूल पदस्थापना पर वापस लौटे

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर एवं पदेन जिला समन्वयक मनरेगा प्रियंक मिश्रा द्वारा गत 20 अक्टूबर को रोजगार सहायकों के तबादले पर रोक लगाते हुए स्थानांतरित किये गए रोजगार सहायकों को उनकी मूल पदस्थापना पर वापस पदस्थ करने के आदेश जारी किए थे। कलेक्टर के इस आदेश के परिपालन में जिला पंचायत सीईओ ने 5 रोजगार सहायकों को उनकी पदस्थापना पर फिर पदस्थ कर दिया है। सीईओ द्वारा जारी निर्देश के तहत इमलिया से गौरहा स्थान्तरित किये गए रोजगार सहायक राजाराम रैदास को पुनः इमलिया में पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार खमतरा से मोहतरा भेजे गए सूरत पटेल को वापस खमतरा बुला लिया गया है। मझगवां से बासन भेजे गए अरविंद जैन की भी मझगंवा वापसी हो गई है। गौरहा से खमतरा स्थानांतरित किये गए अजय राय को वापस गौरहा और मोहतरा से सिन्दूरसी भेजे गए लाल सिंह पटेल को भी मोहतरा वापस बुला लिया गया है। बताया गया कि रोजगार सहायकों के अलावा पंचायत सचिवों के तबादले भी किये गए थे पर अभी तक पंचायत सचिवों को भारमुक्त नहीं किया गया।

| क्रमांक | ग्राम रोजगार सहायक का नाम | वर्तमान में पदस्थ अन्य ग्राम पंचायत का नाम | मूल ग्राम पंचायत जहाँ पदस्थ किया जा रहा है | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | श्री राजाराम रैदास | गौरहा | इमलिया | |
| 2 | श्री सूरत पटैल | मोहतरा | खमतरा | |
| 3 | श्री अरविंद जैन | बासन | मझगवां | |
| 4 | श्री अजय राय | खमतरा | गौरहा | |
| 5 | श्री लाल सिंह पटेल | सिंदुरसी | मोहतरा | |

## राष्ट्रभक्ति, नशा मुक्ति एवं स्वच्छता का संदेश







**कटनी,यशभारत।** 01 नवंबर मध्य प्रदेश स्थापना दिवस गरिमामय हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंगलवार प्रातः 8 बजे से नगर के जनप्रतिनिधियों, विभिन्न स्कूल के छात्र छात्राओं सहित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा रैली निकाली गई। रैली को कटनी मुडवारा विधायक संदीप जायसवाल, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

रैली के.सी.एस. स्कूल से मिशन चौक, आजाद चौक, शेर चौक, झंडा बाजार, सुभाष चौक, लक्ष्मी बाई तिराहा, कोतवाली तिराहा होती हुई पुनः के.सी.एस स्कूल पहुंची जहां पर रैली का समापन किया गया। रैली के दौरान उपस्थित शासकीय उत्कृ.उ.मा.वि. माधवनगर, शा.कन्या उ.मा.वि.सिविल लाईन सेंट पॉल उ.मा.वि. सिविल लाईन, नालंदा उ.मा.वि. सिविल लाईन, के.सी.एस उ.मा.वि., शा.उ.मा.वि. वेंकट वार्ड, वार्डस्ले हिन्दी एवं अंग्रेजी मीडियम, यू.एस.मेमोरियल स्कूल, अंजुमन उ.मा.वि. दिगंबर जैन उ.मा.वि., सन्मति सागर उ.मा.वि सकूल के छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रभक्ति के नारों सहित नशा मुक्ति एवं स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया गया। आयोजित रैली के दौरान अपर कलेक्टर रामानुस टोप्पो, निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, मेयर इन काउन्सिल सदस्य श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, रमेश सोनी, अभिषेक ताम्रकार, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, सुभाष साहू पूर्व पार्षद विजय डब्बू रजक सहित जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह, जिला खेल अधिकारी विजय भार, नगर निगम उपायुक्त पी.के.अहिरवार, प्र.कार्यपालन यंत्री के.पी.शर्मा, प्र. सहायक यंत्री आदेश जैन,अश्विनी पाण्डेय, उपयंत्री विक्रांत ब्राम्हण, प्र.स्वा.अधिकारी संजय सोनी, प्र.अधिकारी राजस्व जागेश्वर प्रसाद पाठक, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद डॉ तेजसिंह केशवाल, विकासखण्ड समन्वयक बालमुकुंद मिश्रा, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य, सी.एम. सी.एल.डी के छात्रों एवं मेंटर सहित नगर के विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं सहित नगर निगम एवं अन्य विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



## शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आगाज

**कटनी,यशभारत।** न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी विश्राम बाबा वार्ड स्थित शंकर मंदिर प्रांगण में 31 अक्टूबर से 7 नवंबर तक चलने वाद्यली श्रीमद् भागवत कथा की शोभायात्रा संध्या 3 बजे प्रारंभ होकर 5 बजे समाप्त हुई और श्रीमद् भागवत पोथी की पूजा के बाद कथा प्रवक्ता पंडित वीरेंद्र शास्त्री ने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व को विस्तार से समझाया। प्रमुख कथा श्रोता रामाधार शुक्ला सपत्नीक सुरेश मिश्रा सपत्नीक कमला प्रसाद पांडे सपत्नीक एवं श्रीमती कृष्णा सोनी मंच में विराजित हुईं। शोभायात्रा में 51 मंगल कलश लिए हुए महिलाएं रंग-बिरंगे परिधानों से सजी हुई मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं बैंड बाजे के ध्वनि पर युवक भजन गाते एवं श्रद्धालु जन नाचते गाते कथा स्थल से कलेक्ट्रेट रोड स्थित हनुमान मंदिर सुधार न्यास कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर होते हुए कथा स्थल पर वापस आए । व्यास पीठ पर विराजित होकर श्रीमद् भागवत कथा के महत्व को विस्तार से सुनाया सभी श्रोता गण मंत्रमुग्ध होकर कथा का आनंद लेते रहे इस अवसर पर वार्ड पार्षद राजकुमारी जैन, सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष पंकज गौतम, आरपी राय, रामाधार गौतम, दालचंद सोनी ,पी डी नामदेव, राजेंद्र गर्ग, मुकेश तिवारी, मधुसूदन दुबे, नारायण सोनी, कमलेश सिंह सोलंकी, श्यामसुंदर मिश्रा, राजेंद्र सोनी, चरण लाल सोनी, कमला प्रसाद पांडे, सी एल पटेल, एनके पारीक, श्यामसुंदर मिश्रा बी डी तिवारी, राजभान तिवारी, एन पी दुबे भगवानदास तिवारी, गोविंद तिवारी, राजेंद्र सोनी आदि सैकड़ों श्रद्धालु शोभा यात्रा के साथ कथा में सम्मिलित हुए। अंत में भागवत भगवान की आरती पश्चात प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।





## महापौर ने किया चौपाटी परिसर का निरीक्षण

**कटनी,यशभारत।** नगर स्थित चौपाटी में नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो सके इस हेतु विगत संध्या महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं मेयर इन काउंसिल सदस्यों व पार्षदों के साथ सिटी चौपाटी पहुंचकर चौपाटी स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा चौपाटी संघ अध्यक्ष सहित अन्य दुकानदारों से क्षेत्रीय समस्याओं की जानकारी ली जाकर चौपाटी परिसर में रोजाना एक टैंकर पानी की व्यवस्था करानें व रोजाना दो शिफ्ट में सफाई व्यवस्था कराई जाकर डस्टबिन की व्यवस्था कराने के निर्देश उपस्थित क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा एवं स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, प्र. स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह को दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय दुकानदारों की अन्य समस्याओं से अवगत होते हुए उपस्थित संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए समस्याओं के निराकरण के निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य बीना संजू बैनर्जी, रमेश सोनी, अवकाश जायसवाल, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शिब्बू साहू, शशिकांत तिवारी, गोविंद चावल, बल्ली सोनी, पूर्व पार्षद विजय डब्बू रजक, कमलेश चौधरी समाजसेवी संजीव सूरी, नरेश अग्रवाल, राजू शर्मा, सहित अन्य जनों की उपस्थिति रही।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर दौड़ का आयोजन





**कटनी,यशभारत।** नेहरु युवा केंद्र संगठन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरु युवा केंद्र कटनी के तत्वाधान में 31 अक्टूबर को लोह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 147 वीं जन्मजयंती के अवसर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यालय नेहरू युवा केंद्र कटनी में सर्वप्रथम सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण नेहरु युवा केंद्र कटनी की जिला युवा अधिकारी कु. कीर्तिका कुहर ने किया एवं उपस्थित राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, युवा मंडल/महिला मंडलए सदस्यगण को राष्ट्रीय एकता, अखंडता की शपथ दिलाई एवं पटेल जी के द्वारा राष्ट्र को एकीकरण बनाने में अपने अभूत पूर्व योगदान को याद किया। इसी तारतम्य में कटनी जिले के समस्त 06 विकासखंड में एकता दौड़ का आयोजन हुआ। रीठी विकासखंड के ग्राम कछारखेडा में आंगनवाड़ी परिसर से मंदिर तक ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम धरवारा में शिव मंदिर से खिरवा मोड़ तक कटनी विकासखंड के माई नदी से गवर्मेंट तिलक कॉलेज तक विजयराघवगढ़ विकासखंड के विजयराघवगढ़ किले से शास. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय तक बहोरीबंदी विकासखंड के विवेकानंद महाविद्यालय स्लीमनाबाद से ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद तक एवं बडवारा विकासखंड के उत्कृष्ट महाविद्यालय खेल मैदान से परमानन्द चौक बडवारा तक राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता दौड़ का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों की अगुवाई में किया गया द्य उपस्थित अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारम्भ किया एवं दौड़ में शामिल स्वयंसेवको एवं छात्रों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई द्य दौड़ के अंत में विजेताओ को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुधीर खरे प्राचार्य, शास. तिलक स्नातक महाविद्यालय कटनी, डॉ. माधुरी गर्ग प्राध्यापक, शास. तिलक स्नातक महाविद्यालय कटनी, रुकमणी प्रताप सिंह जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना, अमित गर्ग उप सरपंच, धरवारा, कोशा बाई आंगनबाडी कार्यकर्ता, कछारखेडा श्रीमति सरिता पाण्डेय प्राचार्य, शा. महाविद्यालय स्लीमनाबाद, डॉ. प्रीत नेगी प्राध्यापक डॉ. रंजना वर्मा कार्यक्रम अधिकारी, संजय कुशवाहा अधीक्षक, बडवारा, थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ आदि अतिथियों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक साक्षी सोनिया, महक बड़गैया, आस्था त्रिपाठी, राम कुमार, नरेन्द्र कुशवाहा, सोनाली ताम्रकर, अंकित सोनी एवं पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पंकज नामदेव, आदित्य दुबे, युवा मंडल-महिला मंडलो के सदस्यगण, राज कुमार अग्रवाल, राहुल बर्मन एवं मनोज अहिरवार आदि की उपस्थिति रही।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड
1 दिन – 150/–
3 दिन – 250/–
7 दिन – 500/–
15 दिन – 1200/–
30 दिन – 1800/–
साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com



# टीकाकरण के बाद डेढ़ माह के बच्चे की मौत

## परिजनों ने लगाया जांच में लापरवाही करने का आरोप

**विजयराघवगढ़ क्षेत्र के ग्राम रजरवाना नंबर-1 का मामला**

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम रजरवाना नंबर-1 में डेढ़ माह के बच्चे की टीकाकरण के बाद तबीयत बिगड़ गई। चार घंटे बाद उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे की मौत का कारण गले में दूध फंसने को बताया जा रहा है। उधर परिजन ठीक से जांच नहीं करने का आरोप लगा रहे हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर विजयराघवगढ़ के रजवारा नंबर-1 में बच्चों को एएनएम रुकमणि कुशवाहा टीका लगा रही थी। दोपहर करीब एक बजे दिव्यांग राममित्र यादव अपने डेढ़ माह के बेटे शिक्षित को लेकर पहुंचे। एएनएम ने उसे दो टीके लगाए ओर दवा पिलाई। इस दौरान बच्चे को डीपीटी टीकाकरण के तहत पेंटा आई, पीसीवी आईए रोटा आई, ओपीवीआइ आदि दवा दी गई। बच्चे के बड़े पिता रामदीन यादव ने बताया कि मां कपसी बाई नाती को टीका लगवाने लेकर गई थी। उन्होंने एएनएम से एक टीका आज ओर दूसरा टीका अगले सप्ताह लगाने के लिए कहा लेकिन एएनएम ने कहा कि दोनों टीके आज ही लगेंगे। इसके बाद कपसी बाई बच्चे को लेकर घर चली गईं। कुछ समय बाद बच्चे ने रोना शुरू कर दिया, वह चुप नहीं हो रहा था। उसने दूध पीना भी बंद कर दिया था।

### 4 घंटे बाद हो गई मौत

रामदीन यादव ने बताया कि बच्चा काफी परेशान था। कुछ समय के लिए शांत हो गया। दो घंटे बाद शाम तीन बजे देखा तो वह मृत हालत में मिला। परिजनों ने आशा कार्यकर्ता, एएनएम व विजयराघवगढ़ बीएमओ डॉ. विनोद को जानकारी दी। सूचना मिलते ही बीएमओ डॉ.विनोद गांव पहुंचे और परिजनों से बात की। इस दौरान पंचनामा बनाया गया। रामदीन ने कहा कि बीएमओ ने कहा है कि गले में दूध फंसने के कारण बच्चे की मौत हुई है। पोस्टमार्टम कराने के लिए हम लोग इसलिए राजी नहीं हुए हैं क्योंकि रिपोर्ट डॉक्टरों को ही बनानी है, वे अपने ही कर्मचारी के खिलाफ रिपोर्ट नहीं बनाएंगे।

### दिव्यांग हैं बच्चे के माता-पिता

एक जानकारी में बताया जाता है कि जिस बच्चे की मौत टीकाकरण के बाद हुई है। उसके माता-पिता दिव्यांग हैं। मां माया बाई यादव बोल और सुन नहीं सकती है और पिता राममित्र यादव भी पैरों से दिव्यांग हैं। दिव्यांग दंपती ने नवजात बच्चे को खो दिया है। बड़े पिता रामदीन यादव ने बताया कि बीएमओ गांव आकर पंचनामा बनाकर दस्तखत कराकर ले गए हैं। वे कह रहे थे मां के दूध पिलाने के कारण मौत हुई है तो अब जांच कराएंगे भी तो कुछ नहीं होने वाला।

### इनका कहना है

बच्चे को डीपीटी टीकाकरण के तहत दो टीके और ओरल दवा दी गई थी। बच्चे की नाक से पानी आ रहा था, इससे लग रहा है कि वह स्प्रिड कर गया। गले में दूध फंसने के कारण मौत हुई है। मौके पर जाकर परिजनों से बात की गई है। परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं।

**-डॉ. विनोद,** बीएमओ, विजयराघवगढ़

# कटनी-बीना रेलखंड की 24 ट्रेनें रहेंगी रद्द

## परिवर्तित मार्ग से चलेंगी कई ट्रेनें, यात्रियों की बढ़ेंगी मुश्किलें

**कटनी, यशभारत। बीना-कटनी रेलखंड पर एक बार फिर यात्रियों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। जबलपुर रेल मंडल के इस महत्वपूर्ण रेलखंड पर बीना मालखेड़ी जंक्शन से करौंदा स्टेशन के बीच रेलवे रेलट्रैक के दोहरीकरण का कार्य नवंबर माह के दूसरे सप्ताह से प्रारंभ कर रहा है। जिसके चलते इस रेलखंड की लगभग 24 यात्री गाड़ियों का परिचालन निरस्त रहेगा जबकि कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।**



### मालखेड़ी से करौंदा स्टेशन के बीच नवंबर के दूसरे सप्ताह में दोहरीकरण कार्य के चलते रेलवे का निर्णय

इस संबंध में जबलपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया कि मालखेड़ी से गुना रेलखंड पर रेल प्रशासन द्वारा आगामी 11 नवंबर से 18 नवंबर की अवधि के बीच में रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण हेतु नान इंटरलॉकिंग का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इस कार्य के कारण इस रेलखंड पर चलने वाली गाड़ी संख्या 11271/11272 इटारसी-भोपाल-इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस तथा बीना से कटनी के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 066030/6604 कटनी मुड़वारा-बीना मेमू ट्रेन 11 नवंबर से 18 नवंबर तक निरस्त रहेगी। इसी तरह भोपाल से दमोह के बीच चलने वाली राज्यरानी एक्सप्रेस भी 10 से 18 नवंबर तथा भोपाल से सिंगरौली के बीच कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 22165 को 12 से 16 नवंबर तक निरस्त रहेंगी। इसके अलावा रीवा से रानी कमलापति के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 02186 आगामी 12 नवंबर को, बिलासपुर से भोपाल के बीच चलने वाली ट्रेन नंबर 18236 को 9 नवंबर से 17 नवंबर तक निरस्त किया गया है। वहीं इस रेलमार्ग से गुजरने वाली विभिन्न साप्ताहिक ट्रेन जिसमें प्रमुख रूप से भागलपुर-अजमेर, मडगांव-कोयना, उदयपुर-शालीमार, रीवा-उदयपुर, दुर्ग-अजमेर, संतरागाछी-दुर्ग, निजामुद्दीन-दुर्ग, जम्मूतवी-दुर्ग ट्रेन को भी रेलवे द्वारा उनके परिचालन के दिनों में निरस्त किया गया है। रेल प्रशासन द्वारा अग्रिम आरक्षण करने वाले यात्रियों को उनके द्वारा दर्ज किए गए मोबाइल नंबर पर भी उक्त बदलाव की सूचना प्रेषित की जा रही है। समुचित जानकारी रेलवे के ऐप अथवा पूछताछ नंबर 139 से प्राप्त करके यात्रियों से यात्रा का प्रारंभ करने की अपील रेलवे के द्वारा की गई है। जिससे की किसी यात्री को किसी तरह की सुविधा का सामना ना करना पड़े।

### कटनी, सतना, झांसी होकर चलेगी मप्र संपर्कक्रांति

कार्यअवधि के दौरान जबलपुर से निजामुद्दीन के बीच कटनी मुड़वारा होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 12121 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन मध्यप्रदेश संपर्कक्रांति एक्सप्रेस 11 से 16 नवंबर के बीच जबलपुर से कटनी, सतना, झांसी होकर चलाया जाएगा।

### राजकोट एक्सप्रेस भी परिवर्तित मार्ग से चलेगी

इसी तरह जबलपुर से कटनी, सागर होकर राजकोट चलने वाली गाड़ी संख्या 11466 राजकोट एक्सप्रेस भी 11 से 18 नवम्बर तक कटनी-बीना मार्ग के स्थान पर जबलपुर से इटारसी, भोपाल होकर चलेगी।

### बीना होकर चलेगी दयोदय एक्सप्रेस

इसी तरह जबलपुर से अजमेर के बीच कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 12181 दयोदय एक्सप्रेस भी 16 एवं 17 नवम्बर को बीना मालखेड़ी जंक्शन की बजाय बीना जंक्शन होकर चलेगी। कार्यअवधि के दौरान यह ट्रेन बीना स्टेशन पर भी रुकते हुए चलेगी।

# आरक्षक, प्रधान आरक्षकों को मिला फायरिंग का प्रशिक्षण

### इंडक्शन कोर्स के तहत पुलिस कंट्रोलरूम में चल रही कार्यशाला

**कटनी, यशभारत।** जिला पुलिस बल कटनी में आरक्षक से प्रधान आरक्षक (कार्यवाहक) पद पर पदोन्नत हुए शासकीय सेवकों के दूसरे बैच को इंडक्शन कोर्स के लिए पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। इंडक्शन कोर्स 31 कार्य दिवस का होगा। इसमें जिले के विभिन्न थानों, कार्यालयों में पदस्थ 50 प्रधान आरक्षकों को शामिल किया गया है। इंडक्शन कोर्स के तहत पहले दिन पुलिस अस्पताल में पुलिस चिकित्सक तथा जिला अस्पताल कटनी की मेडीकल टीम के द्वारा 50 प्रशिक्षु प्रधान आरक्षक का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, प्रभारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिक तिवारी की



उपस्थिति में पुलिस कंट्रोल रूम में आंतरिक एवं बाह्य प्रशिक्षण दिया गया। आंतरिक कोर्स के अंतर्गत पुलिस प्रशासन एवं व्यवहार, थाना प्रबंधन, साइबर क्राइम, सूचना का अधिकार, आईपीसी, पाक्सो एक्ट तथा प्रोजेक्ट जिसमें विभिन्न प्रकार के अपराधों की डायरियों का सूक्ष्म विश्लेषण शामिल है। बाह्य प्रशिक्षण में योगा, पीटी, परेड, ध्यान, तनाव मुक्ति को सम्मिलित किया गया। प्रशिक्षण के तहत फायरिंग एवं वैपन हैंडलिंग भी सिखाई जाएगी।

# चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास पड़ा महंगा

### ट्रेन के नीचे आकर कटा यात्री का पैर

**कटनी, यशभारत।** मुख्य रेलवे स्टेशन कटनी जंक्शन में मंगलवार की शाम चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करना एक 45 वर्षीय यात्री को भारी पड़ गया। पैर फिसलते ही यात्री ट्रेन के नीचे आ गया। जिससे उसका एक पैर कट गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 12149 पुणे-दानापुर एक्सप्रेस कल मंगलवार की शाम 4 बजे के लगभग कटनी जंक्शन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर आई और कुछ देर रूकने के बाद सतना के लिए रवाना हुई। तभी 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगा। इस प्रयास में वह सफल नहीं हुआ और पैरदान से पैर फिसलते ही वह ट्रेन के नीचे आ गया। जिससे उसका एक पैर कट गया। यात्री को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है।

### अवैध ठिकानों से शराब जप्त

**कटनी, यशभारत।** पुलिस ने अलग-अलग ठिकानों ने शराब जप्त की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुठला पुलिस ने ग्राम मुरावल में भगत सिंह निवासी ग्राम मोहार थाना कोठी जिला सतना हाल कौड़िया थाना स्लीमनाबाद के पास से 45 पाव प्लेन देशी शराब जप्त की है। महाकाल ढाबा के पास रोहित गर्ग निवासी द्वारा के पास से 19 पाव देशी शराब, ढीमरखेड़ा पुलिस ने ग्राम पिंडरई में सुशील बर्मन के पास से 6 लीटर कच्ची शराब, ग्राम ईमलाई में छोटे लाल कोल के पास से 6 लीटर कच्ची शराब जप्त की है। कैमोर पुलिस ने ग्राम चरी में चन्दाबाई बर्मन के पास से 5 लीटर कच्ची शराब, रीठी पुलिस ने शफी शाह टहकारी के पास से 5 लीटर कच्ची शराबए बाकल पुलिस ने ग्राम पटीराजा में अनीता बाई यादव के पास से तीन लीटर शराब जप्त की है।

# 25 नवंबर से बजेंगी शहनाइयां

## देवउठनी एकादशी के बाद शुभ मुहूर्त के लिए करना होगा 20 दिन इंतजार

**कटनी, यशभारत। देवउठनी एकादशी करीब आ गई है। हालांकि इस बार एकादशी पर विवाह के मुहूर्त नहीं हैं और 25 नवंबर से ही शादियां शुरू होंगी लेकिन अधिकांश मैरिज गार्डन, होटल व शादी हॉल की पहले ही बुकिंग हो चुकी है। ऐसे में नए लोगों को शादियों के लिए गार्डन, होटल या हॉल की दिक्कत आ रही है।**

### मैरिज गार्डन, होटल व शादी हॉल की बुकिंग तेज



गौरतलब है कि हिंदू धर्म में कोई भी शुभ कार्य करने से पहले मुहूर्त देखा जाता है। जिससे शुभ कार्यों में किसी भी तरह का कोई विघ्न न आए। देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं। इसके बाद सभी शुभ व मांगलिक कार्य बंद हो जाते हैं। भगवान विष्णु देवउठनी एकादशी के दिन योग निद्रा का त्याग करते हैं और विवाह आदि शुभ मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं लेकिन इस बार देवउठनी एकादशी से विवाह मुहूर्त के साथ अन्य शुभ कार्य शुरू नहीं होंगे। इसकी वजह एकादशी के दिन भी शुक्र ग्रह का अस्त रहना है। विवाह की शहनाई बजने के लिए लोगों को एकादशी के बाद 20 दिन तक इंतजार करना होगा। यानी मुहूर्त 25 नवंबर से शुरू होंगे। उल्लेखनीय है कि लोगों को दीपावली के बाद पहला त्योहार देवउठनी एकादशी का बेसब्री से इंतजार रहता है। इस दिन से सभी शुभ कार्यों पर चार माह से विराम लगा वह हट जाता है। पंडित पुष्पेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि 4 नवंबर शुक्रवार को देवउठनी एकादशी है परंतु इस बार इस दिन विवाह के शुभ मुहूर्त नहीं हैं। क्योंकि शुक्र तारा 30 सितंबर से अस्त चल रहा है जो 23 नवंबर को पश्चिम में उदय होगा। इसके बाद विवाह मुहूर्त हैं।

### दिसंबर में चार अच्छे मुहूर्त

दिसंबर माह में अच्छे मुहूर्त केवल 4 दिन ही रहेंगे। इसके बाद लोगों को मकर संक्रांति तक इंतजार करना होगा। मुहूर्त कम होने से शहर के अधिकांश मैरिज गार्डन, होटल व शादी हॉल की बुकिंग लगभग 90 फीसदी तक हो चुकी है। देवउठनी एकादशी को अबूझ मुहूर्त माना जाता है। यही कारण है कि कई लोग विवाह मुहूर्त नहीं होने के बावजूद भी इस दिन शादियां कर लेते हैं।

### हाइवे पर ग्राम झुकेही के समीप हादसा

कटनी, यशभारत। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर ग्राम झुकेही के समीप घर के बाहर खेल रहे एक वर्षीय मासूम बच्चे की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई। दुर्घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम झुकेही निवासी रामू कुशवाहा का एक वर्षीय पुत्र ऋषभ सोमवार की दोपहर घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान वहां से गुजरे किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर ऋषभ बुरी तरह घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल ऋषभ को परिजन तत्काल जिला अस्पताल कटनी लेकर पहुंचे और भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम कंहवारा के छैंघरा में दो मोटर सायकलों के बीच हुई भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एमके-8509 व एम.पी.21एमइ-1237 में भिड़ंत हुई। जिसके कारण एक मोटर सायकल में सवार ग्राम पड़खुरी निवासी 34 वर्षीय बलराम कुशवाहा पिता लच्छू कुशवाहा की मौत हो गई। इसी प्रकार एक अन्य सड़क दुर्घटना में कटनी निवासी 30 वर्षीय शुकरू पिता राम अवतार प्रजापति की चोट लगने के कारण मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव परीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।

### कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय, कटनी

क्रमांक/निविदा/2022/8325 -::प्रारूप::- कटनी, दिनांक 31/10/2022

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला चिकित्सालय कटनी के पुराने कार्यालय भवन की तुड़ाई से निकलने वाली लकड़ी की नीलामी हेतु नीचे दर्शाये अनुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं-

01. निविदा फार्म दिनांक 1.11.2022 से 8.11.2022 तक कार्यालयीन समय में रू. 1000.00 अंकन एक हजार रुपये जमा कर प्राप्त किये जा सकेंगे।
02. निविदा निर्धारित प्रपत्र में भर कर दिनांक 09.11.2022 को दोपहर 12:00 बजे तक सिविल सर्जन कार्यालय में स्वीकार की जावेगी। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई निविदा स्वीकार नहीं होगी।
03. निविदा दिनांक 09.11.2022 को दोपहर 03:00 बजे निविदा समिति के पदाधिकारियों एवं निविदाकारों के समक्ष सिविल सर्जन कार्यालय में खोली जावेगी।

टीप- निविदा से संबंधित शर्तें एवं विस्तृत जानकारी सिविल सर्जन कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

**सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**
**जिला चिकित्साल कटनी**

### कार्यालय-नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्रमांक 16/रा.वि./बा.शा./2022 कटनी, दिनांक 01/11/2022

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगरपालिक निगम, कटनी द्वारा श्री बजरंग कटायेघाट मेले का आयोजन दिनांक 9.11.2022 से 13.11.2022 तक 5 दिवसीय किया जा रहा है। मेले में वाहन स्टेंड की नीलामी किराए आधार पर देने हेतु सील बंद करें आमंत्रित की जाती है। दिनांक 7.11.2022 को अपरान्ह 1 बजे तक फार्म अ एवं ब (अवकाश दिवस को छोड़कर) कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी के बाजार शाखा से प्राप्त की जा सकती है। फार्म पूर्ण रूप से भरकर दिनांक 7.11.2022 को अपरान्ह 4 बजे तक (अवकाश दिवस को छोड़कर) कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी के बाजार शाखा में जमा किये जा सकेंगे और उसी दिन दिनांक 7.11.2022 को अपरान्ह 5 बजे उपस्थित दर प्रदाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। फार्म का प्रारूप एवं नियम/शर्तें/जानकारी बाजार शाखा से प्राप्त की जा सकती है तथा नगरपालिक निगम, कटनी की बेवसाईट kmckatni.org पर निविदा का प्रारूप एवं नियम/शर्तें/जानकारी देखी जा सकती हैं, इस बेवसाईट से भी फार्म डाउनलोड कर शर्तों अनुसार जमा किया जा सकता है। ऑन लाईन निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

**(आयुक्त महोदय के आदेशानुसार)**
**उपायुक्त एवं प्रभारी अधिकारी (बाजार)**
**नगरपालिक निगम, कटनी**

### सूचना

मैं राम प्रमोद पाण्डेय पिता स्व. श्री दुर्गा प्रसाद पाण्डेय आयु लग. 59 साल निवासी शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल के पास लखेरा विवेकानंद वार्ड कटनी तहसील व जिला कटनी, मै आयुध निर्माणी कटनी में चार्जमैन के पद में प.नं. 842799 अनुभाग एस.ओ. में पदस्थ हूं। मेरी सेवा पुस्तिका से मेरे सरनेम/जाति का उल्लेख नहीं हो पाया है। जबकि मेरे पेन कार्ड,आधार कार्ड, परिचय पत्र में मेरा सरनेम पाण्डेय का उल्लेख है। इस तरह मेरा सरनेम पाण्डेय तथा जाति ब्राह्मण है जो कि मेरी सेवा पुस्तिका में उपरोक्तानुसार प्रविष्टि किये जाने हेतु यह सूचना प्रस्तुत है।


**मकान बेचना है**

मंगलनगर रामकृष्ण परमहंस वार्ड नम्बर 35, सन्यासी बाबा मंदिर के पास 50 फुट लम्बा, 25 फुट चौड़ा, डबल स्टोरी बेचना है। **सम्पर्क करें** - 9713529580

**लकवा एवं वात रोग विशेषज्ञ**
**डॉ. देबनाथ**
लकवा, वात रोग, गठिया, हड्डियों जोड़ों का दर्द एवं सूजन कमर दर्द, घुटना, कंधा दर्द, सायटिका अर्थराइटिस का इलाज किया जाता है।
पता- शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी
मो. 9826154533
नोट-28 वर्षों से आपकी सेवा में उपस्थित।


















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)